अग्रवाल कॉलेज में चल रहे पांच दिवसीय रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर काहुआ समापन

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी , हरियाणा स्टेट ब्रांच ,चंडीगढ़ के सौजन्य से अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में चल रहे पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ, यह शिविर 22 से 26 अप्रैल, 2025 तक चला । गौरतलब है कि इस शिविर में जिला फरीदाबाद के रेड क्रॉस के सचिव श्री बिजेंद्र सिंह सोरोत , जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्री इशांक कौशिक व डिप्टी सुप्रिटेंडेंट श्री पुरुषोत्तम सैनी जी अपना संपूर्ण योगदान दिया। आज दिनांक 26 अप्रैल 2025 को शिविर के पांचवें व अंतिम दिन समापन समारोह की शुरुआत पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करने व दो मिनट के मौन धारण के साथ की गई , तत्पश्चात दीप प्रज्वलन व विद्या की देवी मां सरस्वती व रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट को पुष्प अर्पित करके की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान व अग्रवाल कॉलेज के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता जी ने भी सर्वप्रथम पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना की, उन्होंने कहा कि "जो अपना-अपना खाएं वह प्रकृति है " "जो दूसरों को खिलाए वह संस्कृति है", "और जो दूसरों का खाए वह विकृति है " और सेवा भाव के दौरान कभी यह नहीं सोचा जाता की कोई व्यक्ति सगा है या नहीं यह बिना लोभ लालच के की जाती है । और उन्होंने यह भी बताया की जिस व्यक्ति ने दुख व कमी झेली हों , उसी को सुख की सही अनुभव होता है। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जय पाल सिंह, कैंप कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूजा, श्री सुभाष , श्री लवकेश व शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवकों को शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं । इतिहास विषय के विभागअध्यक्ष,यूथ रेड क्रॉस पूर्व कोऑर्डिनेटर व कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० जयपाल सिंह व समस्त यूथ रेडक्रॉस की टीम ने अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान व अग्रवाल कॉलेज के अध्यक्ष व महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता जी का स्वागत किया व वर्ष भर रेड क्रॉस के द्वारा की जाने वाली गतिविधियां व इस पांच दिवसीय शिविर में होने वाली गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दिया I उन्होंने बताया की श्री दर्शन भाटिया जो रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य भी हैं ने चार दिन लगातार स्वयंसेवकों को विभिन्न विषयों जैसे प्राथमिक उपचार,चोटिल को पट्टी बांधने के तरीके, सी०पी०आर व रक्तदान के लाभ आदि विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारियां स्वयंसेवकों को प्रदान की । अग्रवाल कॉलेज को तीन बार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ यूथ रेड क्रॉस टीम होने का गौरव प्राप्त हुआ है , कैंप कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूजा ने कैंप रिपोर्ट पढ़ी , व उनकी टीम ने वर्ष भर में जो गतिविधियों की है उनका ब्यौरा दिया । मंच संचालन का कार्य डॉ० मधु सिंगला ने किया । गवर्नमेंट कॉलेज खेड़ी गुजरान की दीपांशी व अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन की कंचन ने शिविर के फीडबैक दिए । गौरतलब है कि शिविर में फरीदाबाद जिले के लगभग 50 स्वयंसेवक व काउंसलर भाग ले रहे थे । इस अवसर पर अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की काउंसलर कविता अहलावत , महाविद्यालय के प्रवक्तागण व गैर शिक्षक साथी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।